# मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है भजन लिरिक्स

मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है,
तू ही मेरी नाव का माझी,
तू ही पतवार है,
मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है।bd।

तर्ज – थोड़ा सा प्यार हुआ है।
देखे – श्याम तेरे ही भरोसे मेरा परिवार है।

---

हो अगर अच्छा माझी,
नाव फिर पार होती,
किसी की बीच भवर में,
फिर न दरकार होती,
अब तो तेरे ही हवाले,
मेरा घरबार है,
मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है।bd।

---

मैंने अब छोड़ी चिंता,
तेरा जो साथ पाया,
तुमको जब भी पुकारा,
अपने ही पास पाया,
मुझपे अहसान तेरा,
मैया बेशुमार है,
मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है।bd।

---

मुझको अपनों से बढ़कर,
सहारा तूने दिया,
जिंदगी भर जीने का,
गुजारा तुमने दिया,
कहता 'पवन' की तेरा,
बड़ा उपकार है,
मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है।bd।

---

मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है,
तू ही मेरी नाव का माझी,
तू ही पतवार है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com